भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1756**

11 फरवरी, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**मध्य प्रदेश में शैक्षिक संस्थान**

1756. श्री ज्ञानेश्वर पाटिल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश में नई दिल्ली स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान जैसे शैक्षिक संस्थान स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उक्त संस्थान कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या आयुष को देश की स्वास्थ्य देखभाल और वितरण व्यवस्था में एकीकृत करने की योजना तैयार की जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) और (ख): मध्य प्रदेश में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) की तर्ज पर शिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए आयुष मंत्रालय के पास फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 जिसमें आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुष पद्धति को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ संपूर्ण स्वास्थ्य क्षेत्र (आयुष पद्धतियों सहित) के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। सामान्य स्वास्थ्य के साथ आयुष को मुख्यधारा में लाने पर उचित जोर दिया गया है। यह नीति स्वास्थ्य देखभाल संवर्धन और उपचार की प्रक्रियाओं को मान्य करके, ज्ञान प्रणालियों के स्तर पर आयुष पद्धतियों को जोड़ने का भी समर्थन करती है।

साथ ही, भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएचएस) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना की कार्यनीति अपनाई है, जिससे रोगियों को विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के लिए विकल्प मिल सके। आयुष चिकित्सकों/पैरामेडिक्स की नियुक्ति और उनके प्रशिक्षण के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सहायता दी जाती है, जबकि आयुष अवसंरचना, उपकरण/फर्नीचर और औषधियों के लिए सहायता आयुष मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के तहत प्रदान की जाती है।

भारत सरकार ने आयुष मंत्रालय द्वारा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्रों के संचालन के लिए व्यापक निर्णय लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 20.03.2020 को आयुष्मान

भारत के तहत राष्ट्रीय आयुष मिशन के माध्यम से वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक चरणबद्ध तरीके से 12,500 स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) के संचालन के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है।

इसके अतिरिक्त, आयुष मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्रक योजनाओं के तहत, एम्स जैसे आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल अस्पतालों/संस्थानों को अनुदान देने के प्रावधान हैं ताकि वे आयुष को स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी प्रणाली के साथ जोड़ने हेतु अनुसंधान के लिए आयुष संबंधी अवसंरचना को तैयार कर सकें।

*****